# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज,

# फिरोजाबाद

# मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ

**सत्र 2023-24**

डॉ0 अन्जु शर्मा

(प्राचार्या)

डॉ0 निष्ठा शर्मा

(कॉर्डिनेटर)

मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ

# महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद


## मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ

### सत्र 2023-24

सदैव से हो गुरु-शिष्य परपंरा का निर्वहन भारत में होता रहा रहा है। यह परंपरा ही आज मेंटर-मेंटी के रूप में प्रचलित है तथा इससे संबंधित कार्य 'मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग -प्रकोष्ठ' महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद में करने का पूर्ण प्रयास किया जाता है।

सन् 2023-24 में नई कक्षा में प्रवेश के समय छात्राओं को विषय चुनाव में परामर्श दिया गया। पूर्व में किये गये अध्ययन व उसके आंकलन के मद्देनज़र तथा रुचि के अनुसार विषय चुनाव में मदद की गई। बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं की मदद के अतिरिक्त पंचम सेमेस्टर को छात्राओं तथा एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को भी उनकी सक्षमता को ध्यान में रखते हुए विषय चुनने में परामर्श दिया गया।


महाविद्यालय के सभी मेन्टर्स द्वारा मेंटीज को अनुशासित रहते हुये शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और व्यक्तिगत समस्याओं हेतु भी मार्गदर्शन दिया गया।




तकनीकी काल में अधिकांश विद्यार्थी मोबाइल, टैब, कम्प्यूटर को उपयोग में लाते हैं। ऐसे में छात्राओ को उसके लाभदायक पहलुओं की ओर उनमुक्त करते हुए उचित दिशा में तकनीकी के प्रयोग हेतु मार्गदर्शन दिया गया।




आज के युग में मानवता के गुण को धारण करने के लिये नौतिक मूल्यों को समझाते हुये छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक कार्यक्रमों तथा गतिविधियों का आयोजन किया गया।



इस हेतु मेन्टर्स के मार्गदर्शन में संगीत- नृत्य के कार्यक्रम तथा प्रतियोगितायें, पोस्टर, क्विज, निबन्ध, समूह चर्चा, खेलकूद, भाषण प्रतियोगितायें सम्भाषण तथा सेमिनार आयोजित किये गये, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।



अन्तर्मुखी छात्राओं को उनकी सक्षमता के अनुरूप, समस्याओं का निवारण करते हुए कार्यक्रमों में प्रतिभाग कराया गया, जिससे उनमें आत्म-विश्वास की वृद्धि हो।



इस प्रकार शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, नैतिक तथा बौद्धिक मूल्यों इत्यादि से संबंधित छात्राओं को दिशा प्रदान की गई।

27/5/2024

डॉ0 अन्जु शर्मा

(प्राचार्या)

डॉ0 निष्ठा शर्मा

(कॉर्डिनेटर)

मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ